शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस


दिनाँक- 01/01/2021

01

दिन- शुक्रवार

## जन्मदिवस

## महादेव देसाई




महादेव के आशीर्वाद से,
भारत माँ को लाल मिला।
सूरत के 'सरस' गाँव में,
महादेव देसाई फूल खिला।।

निजी सचिव रहे गाँधी जी के,
सेवाग्राम में रहते थे।
सत्याग्रह के भागीदार बन,
जेल की यात्रा करते थे।।

राष्ट्रवादी लेखक वो न्यारे,
'हरिजन' के सम्पादक थे।
कई भाषाओं के वो ज्ञाता,
क्रान्तिकारी व्याख्याता थे।।



1 जनवरी 1892 को जन्मे,
15 अगस्त 1942 को विदा हुए।
राजघाट में बनी समाधि,
चिरनिद्रा में लीन हुए।।

रचना- सीमा मिश्रा (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 02-01-2021

02

दिन- शनिवार

### जन्मदिवस

### बुला चौधरी



जन्म हुआ सन् 1970 में,
वह बुला चौधरी कहलायी।
सात समुन्दर लाँघ गयी,
भारत का परचम लहरायी।।

तैरती जाती जलनिधि में,
जैसे कोई जलपरी सी हो।
लक्ष्य न ओझल होने पाये,
वीर शिरोमणि खड़ी सी हो।।

पाँच महाद्वीप तैर के जाना,
सात समुन्दर जीत के आना।
अर्जुन सा संधान किया फिर,
भारत का सम्मान किया।।

नौ वर्ष की आयु में ही,
जीत लिया राष्ट्रीय सम्मान।
जिब्राल्टर जलडमरू मध्य,
स्पेन में हो गया भारत का नाम।।



रचना- सुषमा त्रिपाठी (स०अ0)
संविलियत विद्यालय खजनी
रुद्रपुर, गोरखपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 03/01/2021

03

दिन- रविवार

## जन्मदिवस

## सावित्रीबाई फुले



भारत की प्रथम महिला शिक्षिका,
मराठी कवियत्री एवं समाज सुधारिका।
3 जनवरी 1831 को जन्म लिया,
सावित्रीबाई ज्योतिराव फुले नाम हुआ।।

स्त्री शिक्षा का किया प्रचार-प्रसार,
महिलाओं को मिलें उनके अधिकार।
1848 मे प्रथम बालिका विद्यालय खोला,
न सिर्फ खुद पढीं, औरों को भी पढाया।।

बेसहारा और विधवा स्त्रियों के,
लिए इन्होंने जिम्मेदारी उठायी।
कई कुप्रथाओं को पहचान कर,
विरोध किया और समस्याएँ सुलझायी।।

एक ही लक्ष्य था इनके जीवन का,
लडकियों को अवसर मिले पढने का।
भारत देश इनको पाकर धन्य हुआ,
10 मार्च 1897 को इनका निधन हुआ।।




रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद



शिक्षक का सम्मान

## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 04/05/2020 **04** दिन- सोमवार

# गोपालदास नीरज

**4 जनवरी 1925 चमका एक सितारा,**
**हिंदी साहित्य को मिला दमदार सहारा।**
**काव्य वाचक, फिल्मों के गीत-लेखक,**
**इटावा जिले में समय था गुजारा।।**

> नींद भी खुली न थी कि हाय धूप ढल गई,
> पांव जब तलक उठें कि ज़िंदगी फिसल गई.
>
> -गोपालदास "नीरज"

**एटा से उत्तीर्ण की हाईस्कूल परीक्षा,**
**नौकरी के साथ दी थी प्राइवेट परीक्षा।**
**मेरठ कॉलेज में प्रवक्ता पद दिया शोभित,**
**त्यागपत्र दिया स्वयं की थी इच्छा।।**



**नई उमर की नई फसल के लिखे गीत,**
**सहर्ष, मुक्तकी और लिखे दो गीत।**
**कारवां गुजर गया, फिर जलेगा दीप,**
**नीरज की पाती सजी और सजा प्राण गीत।।**

**साहित्य साधना में रत रहा यह व्यक्तित्व,**
**जनप्रिय रहा सर्वदा इनका कृतित्व।**
**19 जुलाई 2018 कर गए जग से किनारा,**
**चुम्बकीय रहा नीरज जी का स्वामित्व।।**

**रचना-**
**नम्रता श्रीवास्तव (प्रधानाध्यापिका)**
**प्राथमिक विद्यालय बड़ेहा स्योंढा**
**क्षेत्र-महुआ ,जनपद-बांदा**



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 5/1/2021

05

दिन- मंगलवार

## मंसूर अली खान पटौदी

1941, तारीख 5 जनवरी माह में
जन्मे थे मध्य प्रदेश के भोपाल में।
22 सितंबर दो हजार ग्यारह में,
अलविदा हुए इस दुनिया से।।



शाही परिवार में जन्मे जो,
जीवन भर शाही अंदाज में जिए जो।
शेर दिल इंसान की पहचान थे वो,
टाइगर मंसूर अली ख़ान थे वो।।

जिनके हाथों से बल्ला घूम गया,
जिसने जीत का परचम लहराया।।
जिसने जीत का जज्बा टीम को दिया,
टाइगर मंसूर अली ख़ान थे वो।।

विदेशी धरती पर जो जितना सिखा गए,
आक्रामक बल्लेबाजी पहचान बना गए।
जिनकी प्रतिभा का लोहा सब मान गए,
टाइगर मंसूर अली खान थे वो।।



रचना- सुनीता यादव (स०अ०)

कंपोज़िट विद्यालय भिठिया चिचड़ी
गिलौला, श्रावस्ती

# कपिल देव

महान क्रिकेटर कपिल देव,
बढ़ाया विश्व में भारत का गौरव।
जन्म भूमि है चंडीगढ़,
जन्म दिवस 6 जनवरी 1959।।

घरेलू क्रिकेट से की शुरुआत 1975 में,
विश्व कप दिलाया भारत को 1983 में।
कुशल नेतृत्व से की कप्तानी,
जिम्बाब्वे को हरा जीती बाजी।।



पत्नी रोमी, बेटी हैं अमिया देव,
क्रिकेट के सितारे हैं कपिलदेव।
अर्जुन पुरस्कार मिला 1980 में,
पद्मश्री1982 व पद्मभूषण1991में।।

क्रिकेट के अतिरिक्त लिया,
व्यापार व फिल्मों में रुचि।
वर्ष 2002 में उपाधि मिली,
विस्डन इंडियन क्रिकेट ऑफ सेंचुरी।।



🙏रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा०वि०टिकरी मनौटी ,खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 07/01/2020 **07** दिन- गुरुवार

## पानीपत की तीसरी लड़ाई

07 जनवरी सन 1761 में,
पानीपत के मैदान में।
अहमद शाह अब्दाली, सदाशिव राव भाऊ,
के बीच छिड़ा पानीपत का तीसरा संग्राम।।

अहमद शाह अब्दाली था एक अफगानी,
चाह थी उसकी दिल्ली की गद्दी।
दिल्ली जीत अपना किया शासक नियुक्त,
अब्दाली पुनः लौटा पानीपत के तीसरे संग्राम।।



मौका देख मराठों ने भी छेड़ा,
एक पंजाब खिलाफ संग्राम।
जीत लिया लाहौर और पंजाब,
कारण बना पानीपत का तीसरा संग्राम।।

सदाशिव राव भाऊ थे अति विश्वासी,
अजीमुदौला, सुजाउदौला ने किया विश्वासघात।
विश्वास राव हुए शहीद,
हार गए पानीपत का तीसरा संग्राम।।

30 वर्ष की थी आयु,
जब शहीद हुए सदाशिव भाऊ।
वीरगति पाये 28000 मराठा,
जीत गया अब्दाली पानीपत का तीसरा संग्राम।।



रचना- साधना (प्र०अ०)
कम्पोजिट स्कूल ढोढ़ियाही
तेलियानी, फतेहपुर

मंगलवार उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-08/01/2021

08

दिन- शुक्रवार

## स्टीफन हाकिंग

8 जनवरी सन् 1942 का दिन,
ऑक्सफोर्ड में जन्में स्टीफन हाकिंग।
पिता थे फ्रैंक माँ इसाबेल,
हाकिंग ने जाने ब्रह्माण्ड के खेल।।

शरीर, जुबान हुए बेजान,
बने वैज्ञानिक फिर भी महान।
मस्तिष्क से कार्य वह कर डाला,
सबको ही आश्चर्य में डाला।।





ब्लैक होल और बिग बैंग सिद्धान्त,
खोंजों में दिया अहम योगदान।
बस इक्कीस वर्ष की उम्र गुज़ारी,
हुई मोटर न्यूरॉन बीमारी।।

कॉस्मिक इन्फ्लेशन, टॉप-डाउन थ्योरी,
जिसके लिए गुरुत्वाकर्षण जरूरी।
14 मार्च 2018 हाकिंग आवास,
स्टीफन हाकिंग ने ली अंतिम श्वास।।



रचना-
फ़राह हारून "वफ़ा" (प्र०अ०)
प्रा० वि० मढ़िया भांसी
सालारपुर, बदायूँ

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 09/01/2021

09

दिन- शनिवार

## प्रवासी भारतीय दिवस

जो भारत छोड़ समन्दर पार बस जाते,
9 जनवरी भारतीय प्रवासी दिवस मनाते।
मातृभूमि की लेकर रज धूल,
चला अपनी जन्मभूमि से दूर।।

कहलाऊँगा भारतीय प्रवासी।
पर दिल से सदा रहूँगा भारतवासी।।

ना भूलूँगा मिट्टी की सोंधी खुशबू,
ना ही वो खेतों की हरियाली।
ना भूलूँगा वो पावन तीज-त्यौहार,
ना ही मक्के, ज्वार की रोटी बासी।।

कहलाऊँगा भारतीय प्रवासी।
पर दिल से सदा रहूँगा भारतवासी।।

ना भूलूँगा वो मन्दिर-मस्जिद,
ना ही वो रामधुन और अजान।
ना भूलूँगा वह सर्द हिमालय,
ना ही वो पावन नगरी काशी।।

कहलाऊँगा भारतीय प्रवासी।
पर दिल से सदा रहूँगा भारतवासी।।

प्रवासी भारतीय दिवस
PRAVASI BHARATIYA DIVAS

रचना- रीनू पाल "रूह"(स०अ०)
प्रा० वि० दिलावलपुर
देवमई, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक 10 जनवरी 2021

**10**

दिन- रविवार

## विषय- अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस

मुखरित अपने भाव जिसमें,
भाषा वह अभिव्यक्ति है।
हिन्दी हिन्द की राष्ट्रभाषा,
जनमानस की शक्ति है।।




विश्व प्रसिद्धि पाए निज भाषा,
जन-जन का अनुराग बढ़े।
दस जनवरी विश्व हिन्दी दिवस,
दिन प्रतिदिन परवान चढ़े।।

प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन,
आयोजित नागपुर में हुआ।
हिन्दी व्याख्यानों का आयोजन,
प्रचारित इस दिवस से हुआ।।

भारतीय कार्यालय व दूतावास,
राष्ट्रभाषा जागरूकता फैलाते हैं।
2006 से निरन्तर हर वर्ष,
अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी दिवस मनाते हैं।।




रचना - सीमा मिश्रा (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

**11**

दिनाँक- 11-01-2021

दिन- सोमवार

### जन्मदिवस

## श्रीधर पाठक



सरल, उदार, विनम्र, विनोदी,
स्वच्छन्दता की मूरत थे।
'कविभूषण' की मिली उपाधि,
वह लीलाधर के भूषण थे।।

बाल्यकाल में संस्कृत-फारसी,
घर में ही शिक्षा पायी।
अंग्रेजी, हिन्दी की शिक्षा,
राजकीय तक पहुँचायी।।

जनगणना से मन गणना तक,
कार्यालय में कार्य किया।
रेलवे, पब्लिक वर्क्स, सिंचाई से,
भारत का उत्थान किया।।

कश्मीर सुषमा निरख रहे थे,
एकान्तवास के योगी थे।
जगत सच्चाई सार एक,
और भारत गीत के जोगी थे।।




रचना- सुषमा त्रिपाठी (स०अ0)
संविलियत विद्यालय खजनी
रुद्रपुर, गोरखपुर



# मिशन शिक्षण संवाद



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक-12 जनवरी 2021 **12** दिन- मंगलवार

## जन्मदिवस- स्वामी विवेकानन्द





भारत के महान दार्शनिक,
कलकत्ता में जन्म लिया।
12जनवरी जन्मदिवस है,
भारतीयों को प्रेरित किया।।

रामकृष्ण जी से प्रेरित हो,
सार्वभौमिकता के बने प्रचारक।
अध्यात्म से दीक्षित हो,
स्वामी विवेकानन्द बने विचारक।।

ओजस्वी भरा था सम्बोधन,
शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन में।
विश्व प्रसिद्ध हो गया भारत,
ऊर्जा भर गयी जनमानस में।।

युवा दिवस के रूप में इनका,
जन्म दिवस हम मनाते हैं।
रामकृष्ण मिशन के संस्थापक,
शीश इन्हें हम झुकाते हैं।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना
अनुप्रिया यादव(स॰अ॰)
कम्पोजिट विद्यालय काजीखेड़ा
खजुहा फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 13/01/2021 **13** दिन- बुधवार

# पं. शिवकुमार शर्मा

उमादत्त शर्मा के घर आया एक लाल,
पाँच वर्ष की उम्र में की शिक्षा प्रारम्भ।
तबला और गायन का हुआ आरम्भ,
कश्मीरी लोक वाद्य संतूर का हुआ शुभारम्भ।।

प्रथम भारतीय संतूर वादक बने,
पिता के स्वप्न को पूर्ण ये किये।
13 वर्ष से संतूर बजाना किया शुरु,
13 जनवरी 1938 को अवतरित हुए।।



संगीत नाटक अकादमी, पद्म श्री पाए,
पद्म विभूषण भी दूर न रह पाए।
कई राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान से सराबोर,
शिवकुमार शर्मा जग में नाम कराए।।

फिल्मों में संगीत दिया, एल्बम बनाया,
शिवहरि के नाम से प्रसिद्धि को पाया।
ज्येष्ठ पुत्र राहुल को शिष्य था बनाया,
ईश्वर का वरदान मान विधा में पारंगत किया।।

रचना- नम्रता श्रीवास्तव (प्र०अ०)
प्रा० वि० बड़ेहा स्योंढा
महुआ, बांदा

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





# टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 14/01/2021

14

दिन- गुरुवार

## नारायण कार्तिकेयन

हर एक क्षेत्र का एक अग्रदूत होता है,
हाँ, हर एक क्षेत्र का एक अग्रदूत होता है।
भारत मे वह अग्रदूत बने नारायण कार्तिकेयन,
अपने अथक प्रयासों से बनाया फॉर्मूला वन में करियर।।

14 जनवरी 1977 मद्रास में जन्मे कार्तिकेयन,
ऑस्ट्रेलियन ग्रान्ड प्रिक्स से किया करियर का शुभारम्भ।
धीरे-धीरे सफलता का किया रसास्वादन,
भारत देश का करवाया अभिनन्दन।।

हाँ, भारत ने भी अपना एक हीरा पाया,
जिसे उसने पदमश्री से नवाजा।
कार्तिकेयन ने युवाओं को नया पथ दिखाया,
भारत देश का हर जगह नाम बढ़ाया।।




रचना- अंजली मिश्रा (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय असनी-1
भिटौरा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान





# मिशन शिक्षण संवाद



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

15

दिनाँक- 15/01/2021

दिन- शुक्रवार

## सेना दिवस

15 जनवरी को सेना दिवस,
मनाता है हिन्दुस्तान।
थल सेना की जो वीरता,
करता सदा बयान।।



जनरल के० एम० करिअप्पा ने,
पदभार ग्रहण किया।
साहस, शौर्य, कुर्बानी भरी
सेना की दास्तां।।






के० एम० करिअप्पा को मिली,
फील्ड मार्शल की उपाधि।
करिअप्पा परेड ग्राउंड से,
छावनी में परेड निकाली जाती।।

देश के वीर जवानों को,
इस दिन देते हैं सलामी।
प्राण गवाना पसन्द जिन्हें,
नहीं पसन्द जिन्हें गुलामी।।



रचना-
फ़राह हारून "वफ़ा" (प्र०अ०)
प्रा० वि० मढ़िया भांसी
सालारपुर, बदायूँ



# मिशन शिक्षण संवाद



## टाइम लाइन एक्सप्रेस

16

दिनाँक- 16/01/2021

दिन- शनिवार

# गुरु हर राय

16 जनवरी 1630 को पंजाब में प्रकटे,
पिता गुरुदत्त माता निहाल कौर कहते।
शांत व्यक्तित्व से लोगों को प्रभावित करते ,
आत्म सुरक्षा को शस्त्र आवश्यक बताते।।



आध्यात्मिकता और राजनीति का संगम,
विचारों से हुआ मुश्किलों का आगम।
सिख योद्धाओं में किए प्राण संचरण,
महापुरुष एवं योद्धा का था आगमन।।



मोहम्मद यार बेग खान को किया पराजित,
दिलेर बहादुरी से था उत्तर घोषित।
भ्रष्ट मसंद पद्धति में किया सुधार,
आध्यात्मिक लोगों को किया नियुक्त।।


14 वर्ष की आयु में बने सप्तम नानक,
गुरु गोविंद राय के प्रबल समर्थक।
सिखों के सातवें गुरु का पद पाया,
6 अक्टूबर 1661 में ज्योति ज्योत समाया।।

रचना-
नम्रता श्रीवास्तव (प्रधानाध्यापिका)
प्राथमिक विद्यालय बड़ेहा स्योंढा
क्षेत्र-महुआ ,जनपद-बांदा

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान



## जन्मदिवस- बाबू गुलाबराय




हिन्दी साहित्य के सम्पादक,
17 जनवरी 1888 को जन्मे।
महान साहित्यकार और लेखक,
बाबू गुलाबराय इटावा में जन्मे।।

आगरा को कर्मभूमि बना कर,
न्यायाधीश पद सुशोभित किया।
आत्मविभोर की रचना लिख कर,
मार्गदर्शक का पद अर्जित किया।।

हिन्दी जगत के सेवक बन कर,
मुहावरों लोकोक्तियों के ज्ञाता बने।
अजातशत्रु की संज्ञा पा कर,
विनम्र और सुयोग्य संवेदक बने।।

सत्यम शिवम सुन्दरम समाहित,
होता जिनकी रचनाओं में।
मानवतावादी स्वर भी समाहित,
होता गुलाबराय जी के व्यक्तित्व में।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

रचना
आरती यादव (स॰अ॰)
प्रा॰ वि॰ रनिया प्रथम
सरवनखेड़ा , कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# टाइम लाइन एक्सप्रेस

**दिनाँक- 18/01/2021** **18** **दिन- सोमवार**

## जन्मदिवस
## महादेव गोविन्द रानाडे



तिथि 18 जनवरी 1842 को,
हर्षोल्लास मना राष्ट्र में।
महादेव गोविन्द रानाडे,
जन्मे नासिक महाराष्ट्र में।।

न्यायाधीश और समाज सुधारक,
बनकर धरती पर आए।
मुम्बई के एल्फिंस्टोन कॉलेज में,
अंग्रेजी की शिक्षा पाए।।

1893 में उच्च न्यायालय के,
न्यायाधीश बन नाम कमाया।
प्रार्थना सभा की स्थापना कर,
अपना वर्चस्व जमाया।।

बाल विवाह, विधवा मुंडन का,
जमकर घोर विरोध किया।
विधवा पुनर्विवाह और स्त्री की,
शिक्षा पर भी जोर दिया।।

समाज सुधारक रूप में,
बने महाराष्ट्र का सुकरात।
16 जनवरी 1901 को,
दुनिया छोड़ गए एक रात।।

रचना
आलोक श्रीवास्तव (स०अ०)
पू० मा० वि० सुखसौरा
मलासा, कानपुर देहात



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 19-01-2021

19

दिन- मंगलवार

### जन्मदिवस

### जी. सुब्रमण्यम अय्यर



तिरुवायुर में जन्म लिया,
19 जनवरी सन 1855 को।
समाज सुधारक रूप में जाने,
भारत सारा अय्यर को।।

पत्रकार के रूप में चर्चित,
'द हिन्दू' के संस्थापक थे।
'स्वदेश मित्रम' समाचार प्रणेता,
राष्ट्रप्रेम के साधक थे।।

धन दोहन और धन निष्कासन,
जैसे विषय के ज्ञाता थे।
आंग्ल वर्नाक्यूलर प्रधानाध्यापक,
आर्य हाई स्कूल निर्माता थे।।

दिया बढ़ावा लघु उद्योग को,
जिससे भारत करे विकास।
स्त्री शिक्षा पर जोर दिया,
उन्हें सामाजिक समरसता की आस।।



रचना- सुषमा त्रिपाठी (स०अ0)
उच्च प्राथमिक विद्यालय खजनी
रुद्रपुर, गोरखपुर






## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 20/01/2021 **20** दिन- बुधवार

### प्रथम परमाणु भट्टी अप्सरा

एशिया का सबसे पहला रिएक्टर अप्सरा आया,
हमारे गर्व की बात है कि भारत ने था इसे बनाया।
4 अगस्त 1956 को भाभा के ट्रांबे परिसर में बना,
भाभा परमाणुकेंद्र ने ही बुना था इसका ताना-बाना।।


होमी जहांगीर भाभा के निर्देशन में डिजाइन बनाया,
अप्सरा ने ही इन्हें परमाणु ऊर्जा जनक कहलाया।
इसी से पूरे एशिया ने उर्जा का नया स्रोत था पाया,
अद्भुत कदम भारत ने था विज्ञान में अपना बढ़ाया।।



संयुक्त राष्ट्र से आयातित ईंधन से यह था चलता,
ऊर्जा उत्पादन की अधिकतम 1000 छमता रखता।
पर 400 किलोवाट में प्रचालन बेहतर है किया,
अगस्त 56 में भाभा ने था बना कर तैयार किया।।

20 जनवरी 1956 को नेहरु जी ने उद्घाटन किया,
वैज्ञानिकों ने आज भी इस पर खूब रिसर्च किया।
बेहतर चिकित्सा व ऊर्जा में खूब प्रयोग किया,
उद्योगों को नयी ऊर्जा संग नव सोच को जन्म दिया।।

रचना-
ओम प्रकाश श्रीवास्तव (स०अ०)
प्रा० वि० उदयापुर
भीतरगाँव, कानपुर नगर



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



## टाइम लाइन एक्सप्रेस


**21**

दिनाँक- 21/01/2021

दिन- गुरुवार

## पूर्वोत्तर राज्य स्थापना दिवस


भारत के संघीय इतिहास में,
है महत्त्व 21 जनवरी का।
आज ही के दिन है उदय हुआ,
तीन पूर्वोत्तर राज्यों का।।




मणिपुर एक पूर्वोत्तर राज्य,
राजधानी इसकी है इंफाल।
पड़ोसी नागालैंड, मिजोरम राज्य,
मणिपुरी भाषा में बोलचाल।।



मेघालय बादलों का घर,
क्षेत्र 220 वर्ग किलोमीटर।
शिलांग है राजधानी इसकी,
भाषाएं बोडो, गारो, चीनी-तिब्बती।।




तीसरा सबसे छोटा राज्य,
मिजोरम, असम का पड़ोसी राज्य।
अगरतला राजधानी त्रिपुरा की,
क्षेत्रफल 10491 वर्ग किलोमीटर।।

रचना
सुमन पांडेय (प्र०अ०)
प्रा०वि०टिकरी मनौटी, खजुहा, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान






## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 22 जनवरी 2021

**22**

दिन- शुक्रवार

## ठाकुर रोशन सिंह




प्रमुख सेनानी स्वतन्त्रता संग्राम के,
हमारे ठाकुर रोशन सिंह महान।
22 जनवरी 1892 जन्मदिन जिनका,
बने शाहजहाँपुर उत्तरप्रदेश की शान।।

थी अपार श्रद्धा जिनको ईश्वर में,
हिन्दी, अंग्रेजी, बंगला के ज्ञाता।
जागरूकता फैलायी जनमानस में,
थे बहुभाषी, निशानेबाज, नेतृत्वकर्ता।।

दिया योगदान अद्भुत ग्रामीण क्षेत्रों में,
बनकर महात्मा गाँधी जी के समर्थक।
गिरफ्तार हुए असहयोग आन्दोलन में,
प्रसिद्ध काकोरी डकैती के बने नायक।।

वेदमन्त्र और गीता का जाप करते हुए,
हँसते-हँसते फाँसी को गले लगाया।
वन्दे मातरम् का उद्घोष करते हुए,
ठाकुर जी ने देशभक्ति का फर्ज निभाया।।



रचना- अनुप्रिया यादव (स•अ•)
उ• प्रा• वि• काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

23

दिनाँक 23 जनवरी 2021 दिन- शनिवार

## जन्मदिवस

## *सुभाष चन्द्र बोस*



तुम मुझे खून दो,
मैं तुमको आजादी दूंगा।
स्वतंत्रता का शंखनाद,
जन जन में मैं भर दूंगा।।

पिता जानकीनाथ ने पाया,
सुत विरल और अनमोल।
23 जनवरी 1897 को जन्मे,
कुट्टक गाँव सुभाष चन्द्र बोस।।

परीक्षा ICS की उत्तीर्ण कर,
भारतीयों का मान बढ़ाया।
आजाद हिन्द फौज गठित कर,
अंग्रेजों का दिल दहलाया ।।

भारत की आजादी का,
जयघोष करने वाला।
विमान दुर्घटना में खो गया,
आजादी की ज्योति जलाने वाला।।



रचना- सीमा मिश्रा (स०अ०)
उ० प्रा० वि० काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 24/01/2021



दिन- रविवार

# राष्ट्रीय बालिका दिवस


मैं बेटी मेरे आँगन की,
कभी धूप खिली कभी सावन सी।
सारे भावों से भरी हुई,
निर्मल मन पतित पावन सी।।





हूँ ऊँच-नीच से परे सदा,
कुल का अभिमान बनूँ में सदा।
बेटों से कमतर मत आँको,
बेटी हूँ मुझे तुम मत जाँचो।।

इतिहास की गाथा मुझसे है,
झूला सावन का मुझसे है।
दुल्हन सा सजेगा जो अँगना,
रौनक भी उसी की मुझसे है।।



हूँ ख्वाहिशों से भरी हुई,
लिख दूँ मैं भी एक दास्ताँ।
दो पंख मुझे भी उड़ने को,
छू लूँ में फैला आसमाँ।।

रचना-अंशिका शर्मा (स॰अ॰)
प्राथमिक विद्यालय नौजरपुर
निधौली कलाँ, एटा

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।







# टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 25/01/2021

25

दिन- सोमवार

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस




चलो रे साथी हाथ बढ़ाओ,
मिलकर अब ये देश चलाओ।
अच्छे नागरिक का कर्तव्य है,
मतदान अवश्य करके आओ।।

ना आना किसी लोभ-लालच में,
अब है वक्त तुम्हारे हाथों में।
ना भटकना तुम जाति धर्म के नाम पर,
करना मतदान देश के नाम पर।।

हृदय में रखो देशप्रेम का भाव,
सही उम्मीदवार का करो चुनाव।
मिला है मौका मतदान करने का,
अब मत का सम्मान करने का।।

मतदान करना है बहुत जरूरी,
मत करना तुम इसमें कोई देरी।
आओ एक त्योहार मनाएँ,
मतदान का मान बढ़ाएँ।।

रचना- शिप्रा सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० रुसिया (1-8)
अमौली, फतेहपुर



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान





टाइम लाइन एक्सप्रेस
दिनाँक-26/01/2021
26
दिन- मंगलवार

# गणतन्त्र दिवस





अनेकता में एकता, हिन्द की विशेषता।
देखती है ये जमीं आसमाँ है देखता।।

एक ही है भाषा अपनी, एक ही तो भूमि है,
एक ही है राष्ट्र अपना, एक ही तो जननी है।
धर्म अपना एक ही है, सर्वे भवन्तु मानव का,
देखती हैं ये जमीं, आसमाँ है देखता।।

अनेक हैं वेशभूषा, रंग-रूप एक सब का,
रीतियाँ हैं भिन्न-भिन्न, रहन-सहन एक सब का।
विश्व पटल में श्रेष्ठ भारत, नाम अपने देश का,
देखती है ये जमीं, आसमाँ है देखता।।


एक ही है संविधान, एक ही है विधान,
एक ही गणतन्त्र और एक ही है इंसान।
सर्व-धर्म-समभाव और भाव है परोपकारिता,
देखती है ये जमीं, आसमाँ है देखता।।



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

रचना-
प्रियंका सक्सेना (स०अ०)
प्रा० वि० बैरमई खुर्द
अम्बियापुर, बदायूँ






# टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 27/01/2021

27

दिन- बुधवार

## पं० सीताराम चतुर्वेदी



पंडित सीताराम चतुर्वेदी हिन्दी के,
प्रसिद्ध साहित्यकार एवं पत्रकार थे।
'हनुमत चरित' पर सर्वप्रथम,
मौलिक कृति के रचनाकार थे।।

इनका जन्म 27 जनवरी 1907 को,
छोटी पियरी, वाराणसी में हुआ था।
संस्कृत, पाली तथा प्राचीन भारतीय,
इतिहास एवं संस्कृति में स्नातकोत्तर किया था।।

वर्ष 1938 तक 'सनातन धर्म' के सम्पादक,
एवं मदनमोहन मालवीय के निजी सचिव थे।
250 से भी अधिक ग्रन्थों की रचना की,
प्राचीन भारतीय लिपियों के जानकार थे।।

'हिन्दी गौरव', 'साहित्य वाचस्पति', डी० लिट्,
की उपाधि से विभूषित किए गए।
17 फरवरी 2005 को बरेली के निकट,
इस महान साहित्यकार ने प्राण त्याग दिए।।

रचना- श्वेता (स०अ०)
प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 28/01/2021 **28** दिन- गुरुवार

# पंजाब केसरी- लाला लाजपतराय

28 जनवरी को पंजाब में चमका एक सितारा,
स्वतंत्रता संग्राम में अर्पित जीवन सारा।
पंजाब केसरी नाम से इनको जाना जाता,
राष्ट्रीय कांग्रेस के गरम दल का सहारा।।

लाल बाल पाल का नाम इन्होंने पाया,
1928 में साइमन कमीशन का विरोध जताया।
लाठीचार्ज में हुए घायल साहस न छोड़ा,
पूर्ण स्वतंत्रता की मांग को बार-बार दोहराया।।



ब्रिटिश की एक-एक लाठी बनी ताबूत की कील,
अंग्रेजों ने ना समझने की बहुत बडी की भूल।
शिवाजी, कृष्ण, महापुरुषों की जीवनियां लिखी,
प्रभावशाली नेतृत्व को माना सबसे मूल।।

हिंदी लागू करने को हस्ताक्षर अभियान चलाया,
17 नवंबर 1928 को काल के गाल समाया।
रोहतक और हिसार में वकालत भी आजमाया,
मौत का बदला देशभक्तों ने लेकर ही दिखलाया।।

रचना-
नम्रता श्रीवास्तव (प्रधानाध्यापिका)
प्राथमिक विद्यालय बड़ेहा स्योंढा
क्षेत्र-महुआ ,जनपद-बांदा



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान
टाइम लाइन एक्सप्रेस
दिनाँक- 29/01/2021
29
दिन- शुक्रवार

# कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर

29 जनवरी 1970 को,
जन्मे जिस स्थान में।
नाम है जैसलमेर उसका,
प्यारे राजस्थान में।।

एथेंस ओलम्पिक 2004 में,
जब हुई निशानेबाजी की होड़।
रजत पदक जीतकर लाए,
राज्यवर्धन सिंह राठौर।।



डबल ट्रैप स्पर्धा में,
अपना परचम फहराया।
विश्व पटल पर आभामय,
भारत का ध्वज लहराया।।

जयपुर ग्रामीण लोकसभा में,
एक और कीर्तिमान बनाया।
जो जीत 16 वीं लोकसभा में,
सांसद बनकर आया।।

रचना-
आलोक श्रीवास्तव (स०अ०)
पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुखसौरा
मलासा, कानपुर देहात



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान






टाइम लाइन एक्सप्रेस



दिनाँक-30 जनवरी 2021
दिन- शनिवार

# * गाँधी जी की पुण्य तिथि *



राष्ट्रपिता महान भारत के,
सत्य अहिंसा के अवतार।
धोती एक धारण कर जिसने,
अंग्रेजों पर किया प्रहार।।

हृदय विदारक एक घटना,
घटी आज की शाम।
30 जनवरी 1948 को,
राष्ट्रपिता हुए निष्प्राण।।

अहिंसा परमो धर्म की,
सीख सिखाने वाले।
हिंसा का हो गए शिकार,
आजादी की राह दिखाने वाले।।

नाथूराम गोडसे ने,
बापू को गोली मारी।
हे राम! कहकर विदा हुए,
सत्य अहिंसा के पुजारी।।



रचना- सीमा मिश्रा (स.अ.)
उ. प्रा. वि. काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





## टाइम लाइन एक्सप्रेस

दिनाँक- 31 जनवरी 2021

31

दिन- रविवार

## मेजर सोमनाथ शर्मा

जन्म लिया 31 जनवरी 1923 को,
मेजर डेल्टा कम्पनी के कमान्डर ने।
पवित्र किया पंजाब ब्रिटिश प्रान्त को,
बन कर मेजर सोमनाथ शर्मा ने।।




हुए दोस्तों में मशहूर सोम नाम से,
थे सैन्य अधिकारी जिनके पिता भी।
प्रभावित थे भगवत गीता में कृष्ण से,
नहीं था भय जिन्हे मौत का क्षणिक भी।।

भारत-पाक संघर्ष का हिस्सा बनकर,
भारत से घुसपैठियों को खदेड़ भगाया।
द्वितीय विश्व युद्ध की लड़ाई लड़ कर,
मेशन्ड इन डिस्पैचैस में स्थान पाया।।

मरणोपरान्त परमवीर चक्र पाने वाले,
थे भारतीय सेना के प्रथम अधिकारी।
श्री नगर में वीरगति प्राप्त करने वाले,
श्री सोमनाथ शर्मा थे वीर अधिकारी।।

---

रचना- अनुप्रिया यादव (स॰अ॰)
उ॰ प्रा॰ वि॰ काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर

